Live हिन्दुस्तान.com (/)

भारत की आत्मनिर्भरता से तय होगा, कितना बुलंद होगा देश की आजादी का झंडा: भारतीय उद्योग

एजेंसी,नई दिल्ली | Published By: Sheetal Tanwar

Last updated: Sat, 15 Aug 2020 04:43 PM

भारतीय उद्योग जगत की दिग्गज हस्तियों ने शनिवार को कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता से यह तय होगा कि देश की आजादी का झंडा कितना बुलंद होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन की घोषणा का स्वागत भी किया।

अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने ट्वीट कर कहा कि प्रत्येक स्वतंत्रता दिवस उन लाखों शहीदों के लिए एक श्रद्धांजलि है, जिन्होंने हमें स्वतंत्र और अवसरों से भरे देश में पैदा होने की आजादी दी। अब से, हमारी आत्मनिर्भरता यह तय करेगी कि आजादी का यह झंडा कितना बुलंद होगा।

राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन का स्वागत करते हुए बायोकॉन की सीएमडी किरण मजुमदार शॉ ने कहा कि यह भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को एक डिजिटल रीढ़ देगा और भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। डेलॉइट इंडिया की पार्टनर और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की दिग्गज हस्ती चारू सहगल ने कहा कि यह मिशन भारत की स्वास्थ्य प्रणाली को अगले स्तर तक ले जाने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मोदी ने अपने भाषण में कहा कि प्रत्येक भारतीय को एक स्वास्थ्य आईडी दी जाएगी। यह स्वास्थ्य आईडी प्रत्येक भारतीय के स्वास्थ्य खाते के रूप में काम करेगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मरीज की प्रत्येक बीमारी, परीक्षण और डायग्नोसिस, चिकित्सा रिपोर्ट इस स्वास्थ्य आईडी में संग्रहीत की जाएगी।

हॉस्पिटल्स ग्रुप के चेयरमैन प्रताप सी रेड्डी ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी और गैर-संचारी रोगों पर काबू पाना इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस की वैक्सीन बनाने में कई भारतीय कंपनियों ने उल्लेखनीय प्रगति की है और उम्मीद जताई कि एक साल के अंदर भारत में टीका होगा। जोहरी डिजिटल हेल्थकेयर लिमिटेड के संस्थापक और अध्यक्ष सत्येंद्र जोहरी ने कहा कि नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन व्यक्ति के मेडिकल रिकॉर्ड को डिजिटाइज करेगा, जिसे प्रभावी 'टेली-कंसल्टेंसी को बढ़ावा मिलेगा और आयुष्मान भारत योजना के तहत आसानी से नकदी हस्तांतरण लाभ मिल सकेगा।

चर्चित खबरें (/lokpriye-khabre/news)

(/entertainment/story-ankita-lokhande-boyfriend-vicky-jain-appeal-to-join-global-prayer-meet-of-sushant-singh-rajput-3418926.html)
अंकिता के बॉयफ्रेंड विक्की की अपील, सुशांत की प्रेयर मीट में हों शामिल (/entertainment/story-ankita-lokhande-boyfriend-vicky-jain-appeal-to-join-global-prayer-meet-of-sushant-singh-rajput-3418926.html)

(/career/story-neet-jee-main-rrb-ssc-ibps-upsc-dsssb-lic-railway-recruitment-exam-free-coaching-scheme-of-delhi-governemtn-to-resume-soon-3418907.html)
खुशखबरी, फिर शुरू हो सकती है NEET JEE RRB SSC IBPS UPSC की फ्री कोचिंग (/career/story-neet-jee-main-rrb-ssc-ibps-upsc-dsssb-lic-railway-recruitment-exam-free-coaching-scheme-of-delhi-governemtn-to-resume-soon-3418907.html)

(/astrology/story-when-is-aja-ekadashi-2020-date-importance-puja-vidhi-subh-muhurat-vrat-vidhi-kab-hai-aja-ekadashi-3418737.html)
अजा एकादशी आज, ऐसे पूजा करने से पूरी होगी मनोकामना (/astrology/story-when-is-aja-ekadashi-2020-date-importance-puja-vidhi-subh-muhurat-vrat-vidhi-kab-hai-aja-ekadashi-3418737.html)

(/career/story-up-police-sub-inspector-recruitment-vacancies-amended-now-selection-will-be-on-9534-posts-3419305.html)
UP Police सब इंस्पेक्टर भर्ती में संशोधन, अब 9534 पदों पर होगा चयन (/career/story-up-police-sub-inspector-recruitment-vacancies-amended-now-selection-will-be-on-9534-posts-3419305.html)

(/career/story-happy-independence-day-2020-greetings-wishes-messages-quotes-images-for-15-aug-india-independence-day-photos-3419735.html)
Happy Independence Day: दोस्तों को ये SMS, Photo, मैसेज भेजकर दें बधाई (/career/story-happy-independence-day-2020-greetings-wishes-messages-quotes-images-for-15-aug-india-independence-day-photos-3419735.html)

संबंधित खबरें

● स्वतंत्रता दिवस के मौके पर US में ऑनलाइन होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम (/international/story-cultural-programs-will-be-online-in-america-on-the-occasion-of-india-s-independence-day-3412263.html)

● Independence Day:72वें स्वतंत्रता दिवस पर अपनों को भेजें ये messages (/lifestyle/story-happy-independence-day-2018-quotes-wishes-messages-shayari-2124538.html)

कोरोना
भारत
2,836,925
(/page